## बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

## 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित आवश्यक सूचना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तृत/आवश्यक निर्देश :

**ऑनलाइन आवेदन कैसे करें :–**

1. ऑनलाइन आवेदन करने से पहले आवदेक यह सुनिश्चित कर लें, कि उनके पास कार्यरत E-mail ID तथा उनके द्वारा 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के आवदेन (OMR Application Form) में दिये गये Mobile No. कार्यरत है।

   साथ ही आवदेक ऑनलाइन आवेदन भरते समय, 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का प्रवेश पत्र (Admit Card), अपने समक्ष निश्चित रूप से रखें।

2. आवेदक सर्वप्रथम BPSC का वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in खोलें, इसमें बाँयी तरफ दिये गए टैब "Apply Online" पर क्लिक करें। क्लिक करने के बाद नया पेज खुलेगा, इस पेज पर दिये गये टैब "B.P.S.C. Online Application" पर क्लिक करें।

3. "B.P.S.C. Online Application" पर क्लिक करने के बाद ऑनलाइन से संबंधित पेज खुल जाएगा इस पेज पर दो टैब "Online Registration" एवं "Apply Online" दिखेंगे।

4. आवेदक "Apply Online" के टैब पर क्लिक करेंगे। क्लिक करने के उपरान्त एक नया पेज आयेगा, जिसमें बाँयी तरफ के "New User" टैब में आवेदक अपना 56वीं से 59वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) परीक्षा (PT) का रौल नम्बर एवं जन्म तिथि भरेंगे एवं "Get OTP" के बटन पर क्लिक करेंगे। क्लिक करने के बाद आवदेक के मोबाईल नम्बर पर एक OTP आयेगा। (नोट :– यह वही मोबाईल नम्बर है जो आवेदक द्वारा प्रारम्भिक परीक्षा हेतु आवदेन (OMR Application Form) पर भरा गया है।) आवदेक के मोबाईल पर प्राप्त OTP को नीचे खुले OTP बॉक्स के खाली स्थान में भरेंगे एवं "Retrieve Login Credentials" के बटन पर क्लिक करेंगे।

5. "Retrieve Login Credentials" के बटन पर क्लिक करने के उपरान्त आवेदक को उनके मोबाईल नम्बर पर User ID एवं Password प्राप्त होगा।

6. आवदेक दाँयी तरफ "Existing User" के टैब में उनको प्राप्त User ID और Password तथा Captcha कोड को भरेंगे एवं "Login" के बटन पर क्लिक करेंगें।

7. "Login" बटन पर क्लिक करने के उपरान्त डैश बोर्ड खुलेगा जिसमें आवेदक प्रारम्भिक परीक्षा हेतु भरे गये OMR Form में अपने द्वारा दी गयी जानकारी देख सकेंगे। डैशबोर्ड पर दिख रही विवरणी से आवेदक संतुष्ट हो लेंगे। आवेदक डैश बोर्ड पर नीचे बाँयी तरफ "Click for Download Challan" के बटन पर क्लिक करेंगे एवं अपना चालान प्राप्त करेंगे। उक्त चालान का प्रिन्ट लेकर निर्धारित शुल्क स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के किसी भी शाखा में जमा करेंगें।

8. निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त तत्काल उसी दिन पुनः आवेदक "Existing User" के टैब पर अपने Login ID एवं Password तथा Captcha कोड से Login करेंगे एवं डैश बोर्ड पर सबसे नीचे "Update Challan Details" में बने विभिन्न बॉक्स में चालान से संबंधित सभी जानकारी भरकर "Submit" बटन पर क्लिक करेंगे। सभी आवेदक यह ध्यान दें कि "Update Challan Details" में सभी जानकारी भरने में अगर विलम्ब होगा तो आवेदन प्रक्रिया बाधित हो जायेगी। **अतः आवेदक बैंक में चालान जमा करने के उपरांत उससे संबंधित सभी विवरणी "Update Challan Details" में दिनांक – 05.04.2016 तक निश्चित रूप से भर लें।**

## बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

## 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित आवश्यक सूचना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तृत/आवश्यक निर्देश :

**नोट :– Challan details के बॉक्स में आवेदक निम्न प्रकार से भरेंगे :–**

- Select Exam Type – Main
- Journal No. – चालान के माध्यम से शुल्क जमा के उपरान्त बैंक द्वारा चालान की प्रति पर दिया गया नम्बर।
- Challan Deposit date – आवेदक द्वारा बैंक में चालान के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा करने की तारीख।
- Branch Code – जिस ब्रांच में आवेदक द्वारा चालान जमा किया गया है, उसका ब्रांच कोड।
- Challan Amount – जो Amount आवेदक के चालान पर प्रिन्ट है बैंक शुल्क के साथ लिखें।

**आवेदक उक्त चालान की विवरणी सही–सही अंकित करेंगे। चालान पर अंकित Registration Number (पंजीकरण संख्या) एवं डैशबोर्ड पर अंकित Registration Number (पंजीकरण संख्या) एक समान है, इससे आवेदक संतुष्ट हो लेंगें।**

9. **आवेदक को विशेष रूप से स्पष्ट किया जाता है कि वे दिनांक – 05.04.2016 तक चालान से संबंधित सभी प्रक्रिया पूर्ण कर लेंगे।**

10. चालान की विवरणी भरने एवं Submit करने के उपरान्त आवेदक 24 घंटे (एक कार्य दिवस) के बाद पुनः "Existing User" के टैब में login कर "Click for Application Form" के बटन पर क्लिक करेंगे, जिसके बाद आवेदन प्रपत्र खुल जाएगा।

11. आवेदन प्रपत्र में कतिपय (कुछ) बॉक्स पूर्व से भरें होंगे जो आवेदक द्वारा PT OMR Form में दी गई जानकारी से लिया गया है। शेष खाली बॉक्स आवेदक भरेंगे। खाली बॉक्स को भरने के पूर्व आवेदक विज्ञापन को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लेंगे एवं उसमें दिये गये निदेश के अनुरूप ही आवेदन भरेंगे।

12. ऑनलाइन आवेदन के अंत में आवेदक हिन्दी एवं अंग्रेजी में हस्ताक्षर वर्णित स्थान पर अपलोड करेंगे। आवेदक का फोटोग्राफ पूर्व से ही आवेदन में होगा, जिसे PT OMR Application Form से लिया गया है। आवेदक सुनिश्चित हो लें कि अपलोड किया जाने वाला हस्ताक्षर का साईज 15 KB से अधिक न हो एवं हस्ताक्षर (.jpg) format में ही हो।

13. आवेदक Preview बटन पर क्लिक कर उनके द्वारा भरी गयी विवरणी/सूचनाओं को देख सकते हैं एवं आवश्यकतानुसार परिवर्तन कर सकते हैं, **लेकिन जो विवरणी/ सूचनाएँ OMR PT Form से ली गयी है, उसमें परिवर्तन नहीं हो सकेगा।**

14. **आवेदन को Submit करने से पहले आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि सभी विवरणी/सूचनाएँ जो आवेदक द्वारा दी गयी है, वह सही है तथा उनका हस्ताक्षर सही तरीके से Upload हो चुका है, क्योंकि एक बार फार्म Submit करने के बाद किसी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं है। आवेदक पूरी तरह से संतुष्ट होने के उपरान्त ही Submit बटन पर क्लिक करेंगें।**

## बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

## 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित आवश्यक सूचना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तृत/आवश्यक निर्देश :

15. **आवेदक फार्म Submit करने के उपरान्त उसी समय पुनः Login कर सुनिश्चित हो लें कि डैशबोर्ड पर "Click for Application Form" का बटन हट चुका है एवं डैशबोर्ड पर "Download Form" का नया बटन आ गया है। अगर ऐसा नहीं हुआ है तो आवेदक पुनः आवेदन भर कर Submit करेंगें।**

16. Form को Submit करने के बाद आवेदक पुनः Login कर डैशबोर्ड पर उपलब्ध टैब "Download Form" से भरा हुआ आवदेन डाउनलोड करेंगें, जिसमें Application form, Address Slip तथा Sender's Slip संलग्न होगा। आवेदक इसका प्रिन्ट आउट ले कर Application Form में दिये गए निर्धारित जगह पर अपना हस्ताक्षर करेंगे। तत्पश्चात सभी वांछित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न कर विज्ञापन में दिये गए निर्धारित समय के अन्दर निम्नलिखित पते पर बिहार लोक सेवा आयोग को भेजेंगे :–

| | |
|---|---|
| **संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001** | **Joint Secretary-Cum-Examination Controller, Bihar Public Service Commission, 15, Jawaharlal Nehru Marg (Bailey Road), Patna-800001** |

17. लिफाफे के ऊपर Address Slip तथा Sender's Slip चिपकाना अनिवार्य होगा।

18. किसी भी तरह की कठिनाई होने पर विज्ञापन देखा जा सकता है तथा दिए गए हेल्प लाइन नम्बर पर कार्यालय अवधि सोमवार से शुक्रवार (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक निम्नलिखित दूरभाष संख्या पर संपर्क किया जा सकता है।
**Phone No. – 0612- 2215795, Mob No. :- +91-7544903018**

विशेष निर्देशः–

वैसे आवेदक जिनको पूर्व में User Name एवं Password प्राप्त हो गया है लेकिन अन्तिम रूप से ससमय ऑनलाईन आवेदन नहीं भरा है, वे निम्नलिखित निर्देश के अनुसार ऑनलाईन आवेदन भरेंगें–

1. जिन्होंने पूर्व में User Name एवं Password प्राप्त करने के उपरांत चालान डाउनलोड कर निर्धारित शुल्क के साथ चालान बैंक में जमा कर दिया है, लेकिन ससमय ऑनलाईन आवेदन नहीं भर सके हैं, वे डैशबोर्ड पर "Update Challan Details" में उक्त चालान विवरणी को भरेंगे। तत्पश्चात ऑनलाईन आवेदन भरने का कार्य करेंगे।

2. जिन्होंने पूर्व में User Name एवं Password प्राप्त कर लिया है, लेकिन निर्धारित शुल्क के साथ चालान बैंक में नहीं जमा किया है, वे पूर्व के User Name एवं Password का उपयोग करते हुए पुनः चालान डाउनलोड करेंगे। तत्पश्चात ऑनलाईन आवेदन भरने का कार्य करेंगे।

3. जिन्होंने, संबंधित विज्ञापन के अतिरिक्त किसी अन्य विज्ञापन का Registration कर लिया है, उन्हें पुनः इस विज्ञापन के अनुरूप नये सिरे से User Name एवं Password प्राप्त करना होगा।